हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 27 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 फूलों से सजा मां दंतेश्वरी का दरबार, बना आस्था का आकर्षण



12 बीमारियों से बचने पोषण आहार का करें सेवन : कश्यप





## नवरात्रि विशेष



### पंचमीः स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-

नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

### महापौर ने कहा- राष्ट्रहित के हर मुद्दे का कांग्रेस ने किया है विरोध

# जीएसटी सुधार पर प्रधानमंत्री का नगर निगम के विशेष सम्मेलन में अभिनंदन और आभार का प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

▪ कांग्रेस पार्षदों ने किया बहिष्कार

नगर पालिका निगम में शुक्रवार को जीएसटी सुधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन एवं समर्थन में विशेष सम्मेलन में निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

सर्वप्रथम विशेष सम्मेलन की शुरूआत वंदे मातरम राष्ट्रगीत एवं अरपा पैरी राज्य गीत के साथ की गई। महापौर संजय पांडे ने कहा इस विशेष सम्मेलन में एक ऐसे युग पुरुष का अभिनंदन करने हम एकत्रित हुए हैं जिन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। प्रधानमंत्री ने सरल कर प्रणाली सरल भारत के दृष्टिकोण से वस्तु एवं सेवा कर जैसे ऐतिहासिक सुधार को साकार किया है। यह सुधार केवल कर व्यवस्था का परिवर्तन नहीं बल्कि एक भारत, एक कर, एक बाजार की अवधारणा को जीवन में उतारने का निर्णय है। प्रधानमंत्री ने जटिल करों की उलझनो को समाप्त किया, करदाताओं की



पारदर्शिता और विश्वास को मजबूत किया। महापौर ने कहा 60 साल तक लूटने वाली कांग्रेस राष्ट्रहित के हर मुद्दे का हमेशा विरोध किया है। धारा 370 हटाने की बात हो,राम मंदिर निर्माण की बात हो,तीन तलाक की बात हो, नागरिक संशोधन अधिनियम हो, सर्जिकल स्ट्राइक एयर स्ट्राइक हो या एक राष्ट्र एक चुनाव हो कांग्रेस के लोगों ने हमेशा विरोध किया है। इस विशेष सम्मेलन में हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्वास दिलाना चाहते हैं कि स्थानीय निकायों से लेकर महानगरों तक इस क्रांति को हर नागरिक तक पहुंचाने के लिए हम पूर्ण प्रतिबद्ध है। आपने जिस आत्मनिर्भर भारत का सपना संजोया है उसमें जीएसटी सुधार एक सशक्त स्तंभ बन चुका है यह सुधार नगर निगम की योजनाओं को भी गति प्रदान करता है चाहे वह शहरी विकास हो बुनियादी ढांचा हो या नागरिक सेवाओं का विस्तार। सभापति योगेंद्र पांडे ने कहा आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लेब का सरलीकरण इसके रेट में अभूतपूर्व सुधार कर रेट को कम कर भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ हम अग्रसर हो चुके हैं। सभापति सुरेश गुप्ता ने कहा एक राष्ट्र एक टैक्स की भावना के साथ पहले सभी तरह के अप्रत्यक्ष करों को एक कर प्रणाली के तहत प्रधानमंत्री ने लाकर एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को साकार किया है। सभापति निर्मल पाणिग्रही ने कहा नए सुधार ▶▶| शेष पेज 10 पर

### पत्र के आधार पर बुलाया गया सम्मेलन

32 पार्षदों ने महापौर को पत्र देकर कहा था कि जीएसटी सुधारो का समर्थन करने और प्रधानमंत्री का अभिनंदन करने विशेष सम्मेलन बुलाया जाए। इसलिए आज नगर निगम का विशेष सम्मेलन बुलाया गया था इसमें कांग्रेसी पार्षद उपस्थित नहीं हुए और ना ही उनके तरफ से कोई पत्र नगर निगम को प्राप्त हुआ। जबकि निर्दलीय पार्षद माया नायक एवं कुबेर देवांगन इस प्रस्ताव का समर्थन दिया।

# मांदर गांव में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी गई



जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में गुरुवार को पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मांदर में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरण किया गया। इस सेवा आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव विशेष रूप से शामिल हुये। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से बातचीत की, उनका हौसला बढ़ाया। प्रदेश सरकार द्वारा बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार को हर संभव सहयोग व मदद करने की बात कही।

▪ पं दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर सेवा पखवाड़ा में की गई मदद

विधायक श्री देव ने कहा कि हमारे लिए राजनीति का अर्थ केवल सत्ता नहीं, सेवा है। भाजपा गरीब,वंचित और संकट में पड़े हर नागरिक के साथ खड़ी है। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय ने किया। सभी जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए ▶▶| शेष पेज 10 पर

### दुःख-सुख में सहभागी बनना हमारा कर्तव्य

विधायक विनायक गोयल ने कहा कि जनता के दुःख-सुख में सहभागी बनना हमारा कर्तव्य है। मांदर गांव में राहत सामग्री वितरण एक शुरुआत है, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि पुनर्वास से लेकर स्वास्थ्य और शिक्षा तक की सहायता भी प्रभावित परिवारों को मिले। इस दौरान गांव के लगभग 262 से अधिक बाढ़ प्रभावित परिवारों को आवश्यक राशन सामग्री, कपड़े, साफ-सफाई किट, और बच्चों के लिए आवश्यक सामग्रियां वितरित की गईं।

# बोधघाट परियोजना और कोट्टागुडम रेल परियोजना के विरोध में किया जाएगा बड़ा आंदोलन : कुंजाम

▪ 56 गांव पूरे के पूरे डूब जाएंगे

जगदलपुर। बोधघाट परियोजना और कोट्टागुडम-किरन्दुल रेल परियोजना से बस्तरवासियों को बर्बाद करने के लिए प्रभावित गांव के लोगों से सहमति लिए बगैर कैसे लाया जा रहा है। इन दोनों परियोजना से बस्तर के ग्रामीणों का फायदा नहीं बल्कि उनके सम्पूर्ण जीवनकाल की पहचान समाप्त हो जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार ग्रामीणों के सहमति के बिना यदि बोधघाट परियोजना और कोट्टागुडम



रेल परियोजना लाया जाता है तो भविष्य में इसका जबर्दस्त विरोध में होगा और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। यह बात बस्तरिया राज मोर्चा के मनीष कुंजाम ने कही। शुक्रवार को प्रेसवार्ता में कुंजाम ने कहा केन्द्र व राज्य ▶▶| शेष पेज 10 पर

## राजस्व निरीक्षकों की हड़ताल से किसानों का काम प्रभावित

जगदलपुर। मंत्रालय में सचिव से राजस्व निरीक्षकों की मांगों को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान कमल वर्मा प्रांतीय संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी, रोहित तिवारी प्रांतीय संगठन मंत्री, दीपचंद भारती प्रदेश अध्यक्ष राजस्व निरीक्षक संघ उपस्थित रहे। वहीं विधायक चित्रकोट विनायक गोयल को ज्ञापन सौंपा गया एवं मांगों के संबंध में चर्चा की गई। विधायक ने राजस्व मंत्री से चर्चा कर समाधान का आश्वासन दिया। राजस्व निरीक्षकों ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि हमारी आनलाइन हड़ताल जारी है जिसके चलते किसानों का काम प्रभावित हो रहा है। शासन प्रशासन हमारी जायज मांगों को लेकर उदासीन है।

# बिंता-सतसपुर से धर्माबेड़ा पुल निर्माण कार्य रूका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर


बस्तर जिले के बिन्ता-सतसपुर से धर्माबेड़ा में इंद्रावती नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य जारी है, पर इसमें तैनात मजदूर वर्तमान में बारिश के चलते खेती किसानी में जुटे हुए हैं। इससे पुल का निर्माण कार्य एक माह से रूका हुआ है।

▪ पानी गिरने से क्षेत्र के 15 गांव में आवागमन बाधित

बताया जा रहा है कि हर साल बारिश के दौरान क्षेत्र के 15 गांव धर्माबेड़ा, बिंता, सतसपुर, भेजा, ककनार,



पालम, कुदूर, चंदेला, इमलीधर आदि का आवागमन बाधित रहता है। साथ ही ऐसे गांव के 11443 ग्रामीणों की जिंदगी नाव के सहारे ही चल रही है। लोक निर्माण विभाग के सेतु निर्माण की ओर ▶▶| शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने ली केंद्रीय विद्यालय के बच्चों की क्लास



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना आज बड़े कनेरा रोड स्थित केंद्रीय विद्यालय कोंडागांव पहुँचीं। यहाँ उन्होंने कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों की क्लास ली और उनसे सीधा संवाद किया। कलेक्टर ने गणित के प्रश्नों को हल करने के आसान और महत्वपूर्ण टिप्स विद्यार्थियों को समझाए। उन्होंने बच्चों से प्रश्नों के उत्तर खुद हल करने को कहा और उनकी कठिनाइयों को ध्यान से सुना।
कलेक्टर ने स्वयं ब्लैकबोर्ड पर गणितीय प्रश्न लिखकर उन्हें चरणबद्ध तरीके से हल किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने बड़े ध्यान से सीखते हुए अपने सवाल पूछे। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि मेहनत और एकाग्रता के साथ पढ़ाई करने से ही अच्छे परिणाम मिलते हैं।

### डीपीआई व डीईओ के आदेश की खुलेआम अवहेलना

**केशकाल।** छत्तीसगढ सहायक समग्र शिक्षक फेडरेशन विकास खण्ड केशकाल जिला कोण्डागांव के पदाधिकारीगणो ने बस्तर कमिश्नर संयुक्त संचालक जगदलपुर जिला शिक्षा अधिकारी कोडागांव को पत्र सौपकर बी आर पी बलराम नाग को बी आर सी कार्यालय से हटाकर उनके मूल शाला मे भेजा जावे इसी संदर्भ मे जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी 5 विकासखंड मे कुछ वर्षो से कार्य रत सभी बी आर पी को हटाये जाने का फरमान (आदेश) जारी कर दिया है परन्तु उक्त आदेश को जारी हुये एक माह होने जा रहा है अभी तक कार्य मुक्त नही किया गया संबंधित शिक्षक मूल विद्यालय मे कार्य भार ग्रहण किये न ही कार्यालय मे है।

### गर्भवती माताओं की हुई सम्पूर्ण जांच

**फरसगांव।** कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर शुक्रवार को फरसगांव नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ ज्योतिर्मय प्रभावती के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सभी गर्भवती माताओ का सम्पूर्ण जांच कर उनका उपचार किया गया। साथ मे हाईरिक्स गर्भवती माताओ का चिन्हाकित कर उनको स्त्री रोग विशेषज्ञ से परामर्श उपचार और सोनोग्राफी हेतु जिला अस्पताल कोंडागांव मे भेजा गया है।

### स्वामी आत्मानंद स्कूलों में पदोन्नति पर उठे सवाल

**केशकाल।** शालेय शिक्षक संघ ने दंतेवाड़ा समेत विभिन्न जिलों में स्वामी आत्मानंद स्कूलों के रिक्त पदों को पदोन्नति के लिए उपलब्ध नहीं कराए जाने पर आपत्ति जताई है। संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र दुबे ने शिक्षा मंत्री एवं सचिव से आत्मानंद स्कूलों के रिक्त पदों को पदोन्नति हेतु उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब प्राचार्य पदोन्नति हेतु स्वामी आत्मानंद स्कूलों के रिक्त पदों को उपलब्ध कराकर पदोन्नति दी गई है तो फिर व्याख्याता के पदों को शामिल करने में क्या दिक्कत है? इसी तरह बीएडधारी सहायक शिक्षकों को प्रयोगशाला सहायक के पद पर नियुक्ति आत्मानंद स्कूलों के रिक्त पदो पर की गई है।

## फूलों से सजा मां दंतेश्वरी का दरबार, बना आस्था का केंद्र

■ भक्तों की उमड़ी भीड़, फोटो-वीडियो से सोशल मीडिया भी हुआ भक्तिमय

**फरसगांव।** शारदीय नवरात्रि चल रहा है। जहां नवरात्रि के पहले दिन से बड़ेडोंगर के माँ दंतेश्वरी मन्दिर में भक्तो के आने का सिलसिला चल रहा है। हर दिन दूर दूर से भक्त माता के दर्शन करने बड़ी संख्या में पहुच रहे है। हर वर्ष पंचमी, सप्तमी, अष्टमी और नवमी के दिन भक्तों की भीड़ अधिक रहती है। शुक्रवार को नवरात्र के चौथे दिन बड़ेडोंगर के ग्लोबल बस्तर सामाजिक संस्था के द्वारा पिछले बार की तरह इस वर्ष दंतेश्वरी मंदिर को गेंदा फूलों से सजाया जा रहा है। गुरुवार को संस्था द्वारा ढाई किवंटल गेंदे के फूल मंगवाया गया।
गुरुवार को दिन भर संस्था के सभी लोगो के गेंदा फूल से हार बनाने का काम में लगे रहे। जहां शाम होने के बाद मंदिर के सजाने का काम शुरू किया गया। रात भर सभी लोग माता के दरबार को फूल से सजाने के काम में लगे रहे। सभी के सहयोग से शुक्रवार की सुबह तक माता का दरबार सज कर तैयार हो गया। जो आकर्षण का केंद्र बन गया।



शुकवार को मंदिर में माता के दर्शन करने वालो भक्तों ने मंदिर को फूलों से सजा देकर बहुत प्रसन्न हुए। कई लोगो ने तो फोटो वीडियो बनाकर डीपी स्टेटस लगाना शुरू कर दिया। दिन भर मंदिर से सुबह से शाम तक भक्तों के आने का सिलसिला चलता रहा, सभी ने माता के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मां दंतेश्वरी मंदिर के सजाने में समस्त ग्रामवासियों और स्व सहायता समूहों का योगदान रहता है।

## सुनीता नेताम का तीन खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर चयन, आठवीं की छात्र ने चमकाया बस्तर का नाम

**कोण्डागांव।** अनंतपुर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा आठवीं की छात्र सुनीता नेताम ने हाल ही में जगदलपुर में सम्पन्न 25वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में बस्तर संभाग का प्रतिनिधित्व किया। उसने 100 मीटर, 200 मीटर, रिले रेस और लंबीकूद अंडर-14 वर्ग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के पी.टी.आई. कुंजन लाल ठाकुर, शिक्षक चरण सिंह मरकाम और कन्या आश्रम की अधीक्षिका श्रीमती खिलेश्वरी मरकाम के मार्गदर्शन में सुनीता नेताम ने 100 मीटर, 200 मीटर और 4100 मीटर रिले रेस में प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ उसने लखनऊ में होने वाली नेशनल गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया। सुनीता नेताम की इस उपलब्धि से पूरा क्षेत्र गौरवान्वित हुआ। घर वापसी पर उनके माता-पिता दलसाय नेताम और श्रीमती हेमबती नेताम के



साथ-साथ जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रद्मा बघेल, जनपद सदस्य श्रीमती निलिमा प्रभाकर, ग्राम सरपंच विक्रम मंडावी, उपसरपंच सनत यादव, पूर्व सरपंच दयालराम नेताम और विद्यालय परिवार ने उनका जोरदार स्वागत किया।

## जनजातीय क्षेत्र के विकास में जनजातीय कार्य मंत्रालय का महाभियान

# आदि कर्मयोगी अभियान के माध्यम से लिखा जा रहा ग्राम विकास का अध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ विलेज विज़न प्लान 2030 को तैयार करने जुटे अफसर

आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ग्राम पंचायत बड़े कनेरा में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के नेतृत्व में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई और जिले के सभी अधिकारी विलेज विज़न प्लान 2030 तैयार करने के लिए उपस्थित हुए। जिसमें सभी ग्रामवासियों के साथ चर्चा करते हुए ग्राम का सामाजिक मानचित्र तैयार किया गया। इसमें उसकी भौगोलिक अवस्थितियों को दर्ज किया गया। इसके बाद ग्राम के संसाधनों का मानचित्र भी तैयार किया गया। ग्रामवासियों की ही उपस्थिति में नजरी नक्शा बनाया गया। जिसमें गांव की सीमाओं का निर्धारण, ग्राम के नाम नदी पर्वत नाले आदि के नाम में होने की जानकारी दर्ज की गई। कलेक्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आदि



कर्मयोगी अभियान जनजातीय बाहुल्य गांवों के समग्र विकास के लिए भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है। इस अभियान के तहत जिले के 352 गांव का विलेज प्लान तैयार कर शासकीय योजनाओं के शत प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

### ग्रामवासियों द्वारा किया गया ट्रांजैक्ट वाक -

ग्राम पंचायत बड़े कनेरा में जिला स्तर के सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समस्त ग्रामवासी ट्रांजेक्ट वाक में भाग लिए। इस वॉक के माध्यम से ग्रामवासी सभी आधारभूत अवसंरचना जैसे रोड, नाली, पेयजल आपूर्ति, आवास, विद्युत, स्वाथ्य और शिक्षा जैसे विषय में चर्चा कर पंचायत भवन में एकत्रित हुए। जहाँ सभी विषय को कलेक्टर के समक्ष चर्चा करते हुए विलेज विज़न प्लान की 2030 में सम्मिलित किए।

### ग्राम सभा में होगा प्लान का अनुमोदन

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री तिवारी ने बताया कि 02 अक्टूबर को होने वाले विशेष ग्राम सभा में इस विलेग विज़न प्लान 2030 का अनुमोदन किया जाएगा। जिसे अनुमोदन पश्चात अंतिम रूप से भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रलय को प्रेषित किया जाएगा। आदि कर्मयोगी अभियान के तहत गांव में बने आदि साथी की इस प्लान को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं को विस्तृत जानकारी दी गई और अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गांव के सरपंच पंच और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## स्वच्छता अभियान में सीआरपीएफ ने निभाई दमदार भागीदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ 'एक दिन, एक साथ, एक घंटा' थीम के तहत ऐतिहासिक सफाई कार्य

भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 25 सितंबर को एक दिन एक साथ एक घंटा थीम के तहत विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस अभियान का नेतृत्व भवेष चौधरी, कमांडेंट 188 वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने किया। इस अवसर पर नीतीन्द्रनाथ द्वितीय कमान अधिकारी ने टीम का संचालन किया। अभियान में वाहिनी के उप-कमान अधिकारी दीपक सिंह, कमल सिंह मीणा एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चन्द्रन आर.पी. सक्रिय रूप से शामिल रहे।

### नगर परिषद के साथ संयुक्त प्रयास

नगर परिषद कोंडागांव के मुख्य अधिकारी दिनेश डे और उनकी टीम ने इस अभियान में सहयोग प्रदान किया। प्राचीन बंधा तालाब क्षेत्र, भारत माता चौक और आसपास के इलाकों में व्यापक सफाई कार्य संपन्न हुआ। कमांडेंट भवेष चौधरी ने कहा कि यह पहल शासन एवं विभाग के मानकों को पूरा करने का एक सार्थक प्रयास है। हमें अपने दैनिक जीवन में भी स्वच्छता बनाए रखने और दूसरों को प्रेरित करने की आवश्यकता है।

## 701 महिलाओं की हुई जांच 134 उच्च जोखिम वाली मिलीं

**कोण्डागांव।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत जिला अस्पताल कोंडागांव में डॉ. ममता ठाकुर ने गर्भवती महिलाओं एवं उच्च जोखिम वाली माताओं की काउंसलिंग की। उन्होंने गर्भावस्था के लक्षणों, आयरन, फोलिक एसिड और कैल्शियम जैसी दवाओं के महत्व तथा नियमित जांच की जरूरत पर विस्तार से जानकारी दी।
डॉ. ठाकुर ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान चार बार एएनसी जांच कराना बेहद आवश्यक है, ताकि किसी भी जोखिम की स्थिति का समय पर पता चल सके और उसका उपचार किया जा सके। इस अवसर पर राज्य स्तर से आए डॉ. के.के. सहारे प्रभारी उपसंचालक और डॉ. चयनिका नाग एंटोमोलॉजिस्ट ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया। अभियान के तहत जिला अस्पताल में



कुल 701 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इनमें से 134 उच्च जोखिम वाली महिलाएं पाई गईं, जबकि 109 महिलाओं की सोनोग्राफी भी की गई। यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण और सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

### जिला अस्पताल में चला पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में 24 सितंबर से तीन दिवसीय प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य 19 से 45 वर्ष की गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, उच्च जोखिम वाली महिलाओं की जांच और परिवार नियोजन काउंसलिंग प्रदान करना है।
अभियान के तहत अब तक कुल 130 महिलाओं का एएनसी परीक्षण किया जा चुका है। इसमें 30 उच्च जोखिम वाली महिलाओं का परीक्षण, 50 महिलाओं की सोनोग्राफी तथा सभी पंजीकृत महिलाओं की काउंसलिंग शामिल है। इस अभियान का निरीक्षण राज्य स्तर से डॉ. के. के. सहारे एवं डॉ. चयनिका नाग ने किया। जिला चिकित्सालय की टीम में डॉ. रीता गेदाम, डॉ. ममता ठाकुर, डॉ. शिखा कश्यप स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. रीचाश्री चौधरी रेडियोलॉजिस्ट और श्रीमती प्रीति रामटेके काउंसलर शामिल रही।

## पार्षद ने वार्ड में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य व जांच शिविर

■ बीएमओ और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दी जांच और दवाएं

**फरसगांव।** नगर के में पहली बार किसी पार्षद ने सराहनीय पहल करते हुए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से अपने वार्ड वासियों सहित नगर वासियों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य और जाँच शिविर का आयोजन करवाया, जहाँ शिविर में वार्डवासियों व नगर वासियों ने पहुंच निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच करवाया।
नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद संगीता प्रवीण राव ने वार्ड वासियों सहित नगर वासियों को स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से नगर के ह्रदय स्थल गाँधी चौक में निःशुल्क स्वास्थ्य व जांच शिविर का आयोजन किया. शिविर में नगरवासी पहुँच अपनी अलग अलग समस्याओ को लेकर डाक्टरों से जाँच करवा निःशुल्क परामर्श व दवाइयां लें रहे है।



पार्षद संगीता प्रवीण राव ने बताया अभी मौसम ख़राब चल रहा है, जिसके कारण लगभग सभी घरो में स्वास्थ्य संबंधी समस्याए चल रही है, वार्ड वासियों को उनके ही वार्ड में स्वास्थ्य सुविधा देने का उद्देश्य देने का कारण है दिया जा रहा है, यह स्वास्थ्य शिविर एक दिवसीय था जो हर साल वार्ड 7 में होती रहेगी, आने वाले बेहतर करने का प्यास रहेगा जिससे अधिक लोग शिविर का लाभ मिल सके।

## बैंक के सिक्योरिटी गार्ड ने ग्राहकों को लौटाया बैरंग

**कोण्डागांव।** शुक्रवार को अपरान्ह लगभग 4:45 बजे एक बैंक में उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब सिक्योरिटी गार्ड ने ग्राहकों को प्रवेश ही नहीं करने दिया। जानकारी के अनुसार, विश्रामपुरी से लगभग 60 किलोमीटर दूर से आए स्कूली स्टॉफ को शासकीय कार्य किए बिना ही बैरंग लौटा दिया गया। बताया जा रहा है कि इसी दौरान हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर से आए लेखपाल, जिन्हें केवल एक कागज़ जमा करना था, उनके साथ भी गार्ड ने ढंग से बात नहीं की और गेट खोलने से इनकार कर दिया। जबकि इस घटना के बाद वहीं कार्य दूसरे बैंक की कोंडागांव की शाखा ने तत्काल सम्पन्न कर दिया। पहले वाले बैंक गार्ड ने यह तक कह दिया कि उसने पहले भी 60 किलोमीटर दूर से आए लोगों को वापस लौटा दिया है और ग्राहकों को आधा घंटे बाद आने की सलाह दी। गेट पर ताला लगाकर उसने प्रवेश रोक दिया जिससे लोगों को आक्रोश रहा और परेशानी झेलनी पड़ी।

### मैनेजर तक पहुँच नहीं

जब ग्राहक बैंक मैनेजर से बात करना चाहते थे तो गार्ड ने बताया कि वे मौजूद नहीं हैं, आधे घंटे बाद आएंगे। यह रवैया ग्राहकों के लिए और अधिक असुविधाजनक साबित हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सिक्योरिटी गार्ड की पूर्व में भी कई बार शिकायतें की जा चुकी है।

## हर्षोल्लास से मना उन्मुखीकरण कार्यक्रम व राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

**कोण्डागांव।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा एनएसएस ध्वज फहराकर और लक्ष्य गीत गाकर किया गया। इसके बाद स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण और वंदना की गई।
कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य एन.के. नायक, कार्यक्रम अध्यक्षता शांति कौशल, विशेष अतिथि राधेश्याम मांझी, विशिष्ट अतिथि निर्मल कुमार



शार्दूल और बी. जान उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत स्वयंसेवकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर नेताम ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शिक्षा से सेवा, सेवा से शिक्षा तथा एनएसएस के महत्व और भविष्य में होने वाले लाभों की जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने भाषण प्रतियोगिता में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना, आवश्यकता, उद्देश्य और महत्व पर विचार रखे।
**सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं :** एनएसएस परिवार ने नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किए, जिनका विषय यातायात जागरूकता और रक्तदान-जीवनदान महादान रहा। इसी कड़ी में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका विषय स्वच्छता अभियान और नशामुक्ति था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान योगेश मांझी, द्वितीय राहुल नेताम और तृतीय हंसिका ध्रुव ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। साथ ही विशेष रक्तदाता ताम्रध्वज कोर्राम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कु. वंदना नाग एवं अभिषेक ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन शावेद ने किया। आयोजन की सफलता में धर्मेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, हिमांशु शर्मा, संजय ढाली सहित अनेक शिक्षकों और कर्मचारियों का योगदान रहा।

## बाल विवाह के दुष्परिणामों पर चर्चा, कानूनी प्रावधानों की दी गई जानकारी

# मयूरडोंगर में बाल विवाह निषेध पर जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मयूरडोंगर में सोमवार को एसबीआई संजीवनी क्लिनिक और एक दहव के सहयोग से बाल विवाह निषेध अधिनियम विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बच्चों को बताया कि कम उम्र में विवाह से शिक्षा, स्वास्थ्य और मानसिक विकास पर गंभीर असर पड़ता है।
बाल विवाह से लड़कियों में कुपोषण, मातृत्व संबंधी खतरे और शिक्षा में रुकावट जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। छात्र-छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत निर्धारित प्रावधानों से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने समझाया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह कानूनन अपराध है।




### विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी

विद्यालय के विद्यार्थियों ने पोस्टर और पुस्तिकाओं के माध्यम से संदेश फैलाया। उन्होंने यह शपथ भी ली कि वे बाल विवाह जैसी कुरीतियों का समर्थन नहीं करेंगे और समाज में जागरूकता लाने में योगदान देंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे ग्रामीण समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। यह जागरूकता अभियान बच्चों और समुदाय को बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई से लड़ने के लिए प्रेरित करने में मील का पत्थर साबित हुआ।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मयूर डोंगर के समस्त छात्र छात्राएं, प्राचार्य जमील खान, मुकेश सैमसन, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, व्याख्याता यशवंत देवांगन, श्रीमती रीता प्रधान, सुषमा पात्र, सारिका कश्यप, कु. दुलेश्वरी दर्रो, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार, उमाकांत दीवान, राजू राम मरकाम, तुलेश्वर नाग, चंद्रा रेखा ध्रुव, लता देवांगन, प्रमानन्द वैद्य, भारत देवांगन तथा फाउंडेशन के प्रतिनिधी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### जीएसटी सुधार पर प्रधानमंत्री...

से सूक्ष्म लघु और मंझोले उद्योगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। इस विशेष सामान्य सभा में एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, राणा घोष, कलावती कसेर, त्रिवेणी रंधारी, श्वेता बघेल,संजय विश्वकर्मा,संग्राम सिंह राणा एवं अन्य पार्षद गण व निगम के आयुक्त प्रवीण वर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मांदर गांव में बाढ़...

उनकी समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप, बैदूराम कश्यप, जिपं उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी,योगेन्द्र पाण्डेय,रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव,मंगतूराम कश्यप, पद्मा कश्यप,नरसिंह ठाकुर आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक अभियान नहीं,यह भाजपा के संस्कारों का परिचायक है। बाढ़ से प्रभावित गांवों की स्थिति को देखकर हमने तय किया कि इस बार सेवा की शुरुआत उन्हीं परिवारों के बीच जाकर की जाएगी जिन्हें अभी सबसे अधिक आवश्यकता है।

### बोधघाट परियोजना और...

सरकार द्वारा बस्तर में दो परियोजना को लाया जा रहा है इसमें बोधघाट परियोजना और कोत्तागुड़म-किरन्दुल रेल परियोजना शामिल है। इन दोनों परियोजनाओं से बस्तरवासियों का कोई विकास नहीं होगा लेकिन इन दोनों परियोजनाओं को बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के हित में लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन दोनों परियोजनाओं के बनने से बस्तर का मूल स्वरूप खत्म होगा। साथ ही डेमोक्रेसी भी बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रभावितों से चर्चा करने के बाद इन दोनों परियोजनाओं के विरोध में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रेसवार्ता में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संभागीय अध्यक्ष तरुण ठाकुर,हीरमो मंडावी,बोधघाट परियोजना प्रभावित क्षेत्र के मंगलू मांझी और संतोष यादव सम्मलित थे।
आदिवासियों को भूमिहीन करने का षडयंत्र
कुंजाम ने कहा कि बोधघाट परियोजना से क्षेत्र के 56 गांव डूब जाएंगे। बस्तर के स्थानीय आदिवासियों की कभी बोधघाट की मांग नहीं रही है फिर क्यों सरकार बोधघाट परियोजना को बनाने में तुली हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद है कि बोधघाट परियोजना को बनाकर आदिवासियों को भूमिहीन कर सड़क में छोड़ दिया जाए।

### बिंता-सतसपुर...

से मिली जानकारी के अनुसार बिन्ता-सतसपुर से धर्माबेड़ा में इन्द्रावती नदी पर 24.26 करोड़ की लागत से पुल निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी।
ठेकेदार को दिए निर्देश
सेतु निर्माण जगदलपुर संभाग के एसडीओ संतोष दास ने बताया कि इस संबंध में ठेकेदार को निर्देश दिया कि तय समय में पुल निर्माण पूरा करें। अगले महीने से पुल निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### मां दंतेश्वरी दर्शन कर सांसद ने लिया आर्शिवाद



**दंतेवाड़ा।** सांसद महेश कश्यप सहपरिवार आज दंतेवाड़ा पहुंचे। दंतेवाड़ा आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता,विधायक चैतराम अटामी समेत भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकतार्ओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया । सांसद महेश कश्यप के साथ चित्रकोट विधानसभा के विधायक विनायक गोयल भी दंतेवाड़ा पहुंचे जिनका भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकतार्ओं ने आत्मीय स्वागत किया। कश्यप एवं गोयल ने बस्तर की आराध्य देवी मो दंतेश्वरी के दरबार पहुंच पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना की । बस्तर सांसद महेश कश्यप ने भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं कार्यकतार्ओं से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा किया एवं नवरात्री एवं दशहरा के पावन पर्व की प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दिया।

### स्वच्छता ही सेवा 50वीं वाहिनी ने किया श्रमदान



**कोंटा।** कोंटा ब्लॉक के इंजरम स्थित सीआरपीएफ 50वी वाहिनी ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिन, एक घंटा, एक साथ के संकल्प को मूर्त रूप देते हुए 50वी वाहिनी ने स्वच्छता अभियान आयोजित किया। यह अभियान कमांडेंट प्रेमजीत कुमार के दिशा-निर्देशन एवं दुर्गा राम द्वितीय कमान अधिकारी व नीरज कुमार तथा सहायक कमांडेंट की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बटालियन के अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा श्रमदान कर स्वच्छता के महत्व को जनमानस तक पहुंचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरण एवं स्वच्छ भारत अभियान को गति प्रदान करना रहा। 50वीं वाहिनी सीआरपीएफ के इस सामूहिक प्रयास से स्वच्छ, स्वस्थ एवं जागरूक समाज की दिशा में एक सशक्त संदेश प्रसारित हुआ।

### निधन

#### सायर देवी सांखला

जगदलपुर। शहर के प्रतिष्ठित एवं ओसवाल जैन समाज के सुश्राविका सायर देवी सांखला धर्म सहायिका स्व. मुन्नालाल सांखला 70 का आज प्रातः 7:30 बजे निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा संध्या 4.15 बजे बालाजी वार्ड से मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें समाज के लोगों समेत व्यापारी वर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। मृतिका मोतीलाल सांखला की भाभी एवं दिनेश और दिलीप सांखला की माता थी । वह भरा पूरा परिवार छोड़ गई।



# नकुलनार में दुर्गोत्सव की भव्य छटा, महाराणा प्रताप चौक में भक्तिमय माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व पूरे बस्तर संभाग में भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कुआकोंडा ब्लॉक के ग्राम नकुलनार में महाराणा प्रताप चौक पर इस बार दुर्गा उत्सव का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

टैक्सी यूनियन और स्थानीय युवावर्ग के सहयोग से ग्रामवासियों ने माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूरे गांव को भक्तिमय वातावरण में रंग दिया है। आयोजन समिति के सदस्य बताते हैं कि दुर्गा उत्सव की तैयारियां कई दिनों से चल रही थीं। ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक आर्थिक सहयोग किया और सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन स्थल पर बड़े सेवा पंडाल का निर्माण किया गया है, जिसमें देवी दर्शन के लिये आ रहे पदयात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन, पेयजल और रात्रि विश्राम की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। इस सेवा भावना ने ग्राम नकुलनार को भक्ति और मानवता का संदेश देने वाला आदर्श स्थल बना दिया है।





प्रतिदिन सुबह-शाम होने वाली पूजा-अर्चना और विशेष आरती में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। आरती के समय सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु माता दुर्गा की भक्ति में लीन होकर जय माता दी के जयकारे लगाते हैं। महिलाएं और युवतियां भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। आरती और भजनों की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण गूंज उठता है। दुर्गाउत्सव समिति ने श्रद्धालुओं के मनोरंजन और आध्यात्मिक लाभ के लिये सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी व्यवस्था की है। प्रत्येक दिन भजन-कीर्तन और देवी गीतों की गूंज से ग्रामवासी देर रात तक भक्तिरस में डूबे रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को बढ़ाया है बल्कि आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को भी मजबूत किया है।

इस बार आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण रविवार को होने वाला विशेष जगराता कार्यक्रम है। इसके लिए जगदलपुर से प्रसिद्ध भजन मंडली को आमंत्रित किया गया है। समिति सदस्यों के अनुसार, जगराते में देवी गीतों और भजनों की ऐसी प्रस्तुति होगी जो श्रद्धालुओं को पूरी रात भक्ति रस में सराबोर रखेगी। गांव में इस आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह का माहौल है और लोग बेसब्री से रविवार की रात का इंतजार कर रहे हैं। ग्राम नकुलनार में इस बार का दुर्गाउत्सव धार्मिक आस्था, सेवा भावना और सामूहिक सहयोग का अद्भुत उदाहरण बन गया है।

जहां दिनभर दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रहती है, वहीं शाम की आरती और आने वाले जगराते की तैयारियों ने आयोजन को और भी खास बना दिया है।

निःस्वार्थ सेवा और सामूहिकता से सजाए गए इस दुर्गाउत्सव ने नकुलनार गांव को पूरे इलाके में चर्चा का केंद्र बना दिया है।

# प्रशासन व एनएमडीसी प्रबंधन से खनन पट्टों के लंबित मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आज जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड सौरभ सिंह द्वारा जिला प्रशासन सहित एनएमडीसी के अधिकारियों के साथ खनन संबंधित नीतिगत एवं व्यवहारिक बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण

■ **अध्यक्ष सीएमडीसी का दंतेवाड़ा प्रवास**

चर्चा किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी सहित कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं एनसीएल एवं एनएमडीसी के बचेली, किरंदुल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में एजेंडा अनुसार इस्पात विनिर्माण इकाइयों को प्रतिस्पर्धी दरों पर 50 प्रतिशत लौह अयस्क उपलब्ध कराने, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में लौह-आधारित इकाइयों को लौह अयस्क की दरों पर कम से



कम 30 प्रतिशत की छूट प्रदान करने, जगदलपुर से रायपुर तक स्लरी पाइप लाइन बिछाई जाने, एनएमडीसी के खरीद नियमों में स्थानीय एमएसएमई, निर्माताओं को प्राथमिकता जैसे मुद्दे शामिल थे।

बैठक में कलेक्टर ने एनएमडीसी से संबंधित आकस्मिक जन हानि से संबंधित मुआवजा प्रकरणों के त्वरित निपटान, खनन प्रभावित ग्रामों में मुलभुत अधोसंरचनाओं जैसे स्कूल, पंचायत भवन, आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण कार्यो में एनएमडीसी के योगदान को विस्तारित करने, एनएमडीसी के रिक्त पदों में स्थानीय लोगों की भर्तियों को प्राथमिकता दिए जाने, प्रभावित ग्रामों के युवाओं के लिए कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाने के साथ-साथ क्षेत्रीय सांस्कृतिक एवं परंपरा को विशेष पहचान देने वाले गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के आयोजन में एनएमडीसी को प्रभावी भूमिका निभाने पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही विधायक द्वारा भी क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर करने के सुझाव के तहत अतिरिक्त एंबुलेंस सुविधा, विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति, आधुनिक चिकित्सा उपकरण संबंधी मांग से बैठक को अवगत कराया गया।

बैठक में अध्यक्ष सीएमडीसी सिंह ने कहा कि सीएसआर मद के तहत किसी भी प्रबंधन का यह परम कर्तव्य है कि वह स्थानीय समुदाय के सामाजिक आर्थिक, सांस्कृतिक उत्थान के लिए अपने दायित्वों का भली भांति निर्वहन करें और इस निर्वहन में स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय एवं सहभागिता से अपने कार्यो को अंजाम देवें। क्योंकि खनन प्रभावित ग्रामों में विकास कार्यों को जमीनी स्तर पर लागू करना, और इस कार्य में जिला प्रशासन से आवश्यक सहयोग लेने से ही क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस संबंध में शासन स्तर से संबंधित मुद्दों का शीघ्र निराकरण करना उनकी प्राथमिकता में रहेगा। उक्त बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुजांम, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित एनएमडीसी के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### खनिज विकास निगम अध्यक्ष पहुंचे एनएमडीसी बचेली एवं किरंदुल



**दंतेवाड़ा।** अध्यक्ष खनिज विकास निगम सौरभ सिंह एक दिवसीय प्रवास पर दंतेवाड़ा पहुंचे। विधायक चैतराम अटामी एवं जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दरबार पहुंच नवरात्री के पावन अवसर पर पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना किया। इसके पश्चात भाजपा कार्यालय में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एवं दीनदयाल के जीवनी पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष खनिज विकास निगम सौरभ सिंह ने एनएमडीसी प्रबंधन बचेली एवं किरंदुल पहुंच, परियोजना के पदाधिकारियों से मुलाकात कर समीक्षा बैठक किया। इस दौरान विधायक चैतराम अटामी, भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष, सुमित सरकार, मंडल अध्यक्ष बचेली अमलेंदु चक्रवर्ती, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष बचेली राजू जायसवाल व नगर पालिका उपाध्यक्ष बचेली सतीश प्रेमचंदानी मौजूद रहे।

### नवरात्रि पर थाना बस्तर में महाभंडारा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर पुलिस थाना बस्तर के सामने थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े एवं पुलिस स्टाफ के सहयोग से भव्य महाभंडारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर और आसपास का माहौल भक्तिमय रहा। माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। भंडारे में बड़ी संख्या में आमजन पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। पुलिस स्टाफ ने स्वयं श्रद्धालुओं और राहगीरों को ससम्मान प्रसाद परोसा।

इस आयोजन में पुलिस कर्मियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज और पुलिस के बीच आपसी सहयोग व सौहार्द की भावना को और मजबूत करते हैं। थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े ने इस अवसर पर कहा नवरात्रि आस्था और भक्ति का पर्व है। महाभंडारे जैसे आयोजन से जन-जन के बीच आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना प्रबल होती है। इस अवसर पर यस आई अरुण कुमार सिन्हा समस्त साथ ही बाहुबली हॉटल के सहयोगियों का योगदान रहा।

## एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस दिवस बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाया गया। यह दिवस स्वयंसेवकों के लिए समाज सेवा की भावना को पुनः स्मरण कराने तथा उनके भीतर निहित सामूहिक चेतना और ज़िम्मेदारी को जागृत करने का अवसर प्रदान करता है।

कार्यक्रम में प्राचार्य सभी कर्मचारी सदस्य तथा एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्हें समाज सेवा के महत्व को समझाया। उन्होंने



यह संदेश दिया कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक गतिविधि नहीं है, बल्कि यह छात्रों को जीवनभर के लिए अनुशासन, सहयोग, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी सिखाने वाला एक संस्कार है। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि स्वयंसेवकों को समाज के कमजोर वर्गों, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उनके प्रेरणादायी शब्दों से उपस्थित सभी छात्रों एवं स्वयंसेवकों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। उन्होंने स्वयंसेवकों को यह भी प्रेरित किया कि वे छोटी-छोटी सेवाओं से समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं और यह कि एनएसएस का आदर्श वाक्य स्वयं से पहले समाज जीवन का मूल मंत्र होना चाहिए। प्राचार्य के प्रेरणादायी संबोधन के बाद स्वयंसेवकों ने पेड़ो का मानचित्रण किया। इस विशेष गतिविधि में कॉलेज परिसर में लगाए गए पौधों को क्यूआर कोड के माध्यम से चिह्नित किया गया। हर पौधे को एक विशिष्ट पहचान देने के लिए क्यूआर कोड लगाए गए, जिससे भविष्य में उनकी देखभाल, वृद्धि और स्थिति का पता डिजिटल माध्यम से लगाया जा सके। यह कदम पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ तकनीकी प्रयोग की दिशा में एक अभिनव प्रयास था।

इसके अतिरिक्त, स्वयंसेवकों ने कैंपस सफाई अभियान भी चलाया। स्वयंसेवकों ने अपने हाथों में झाड़ू उठाकर पूरे परिसर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने परिसर की कक्षाओं तथा बगीचों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। पूरे आयोजन के दौरान स्टाफ़ ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

### ढोलकल व कमालूर में स्वच्छता अभियान में की गई साफ सफाई



**दंतेवाड़ा।** जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं सामूहिक श्रमदान अभियान एक साथ एक दिन एक घंटा एक साथ के तहत जिले के सभी विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में श्रमदान के तहत सार्वजनिक स्थल, शासकीय भवन, पंचायत भवन, हाट बाजारों में साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में जिले के ढोलकल पर्यटन क्षेत्र सहित ग्राम कमालूर में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि गण, सरपंच, सचिव एवं स्व सहायता समूह की सदस्यों द्वारा सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

## ड्रोन से खेतों में कीटनाशक छिड़काव यह तकनीक आधुनिक कृषि की ओर सफल कदम : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में उन्नत कृषि तकनीक की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ड्रोन के माध्यम से धान के खेतों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया। यह कार्य विधायक विनायक गोयल की उपस्थिति और मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों से जोड़कर उनकी पैदावार में वृद्धि करना है।

यह छिड़काव ड्रोन दीदी योजना के अंतर्गत किया गया, जो कि भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई एक अभिनव योजना है। इस योजना के तहत महिला स्व-सहायता समूहों को प्रशिक्षित कर ड्रोन संचालन में दक्ष बनाया जा रहा है, जिससे ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया जा सके। गोयल ने कहा ड्रोन तकनीक का उपयोग न केवल समय और श्रम की बचत करता है, बल्कि यह किसानों की आय में भी बढ़ोत्तरी का मार्ग प्रशस्त करता है।

हम चाहते हैं कि हमारे क्षेत्र के किसान आधुनिक तकनीकों से लैस हों और कम लागत में अधिक उपज प्राप्त कर सकें। ड्रोन से छिड़काव करने से खेतों में कीटनाशकों का समान वितरण होता है, जिससे फसल की गुणवत्ता बनी रहती है और उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होती है। पारंपरिक छिड़काव पद्धति की तुलना में यह विधि अधिक सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल और प्रभावशाली मानी जा रही है।



ड्रोन दीदी योजना” के तहत महिला समूहों को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे अपनी आय बढ़ाने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में तकनीकी क्रांति का हिस्सा भी बन रही हैं।

अंत में, विधायक विनायक गोयल ने यह संदेश दिया कि भाजपा सरकार किसानों के हितों के लिए लगातार काम कर रही है और आने वाले समय में कृषि को आधुनिक बनाने के लिए और भी कई योजनाएं लाई जाएंगी।

# वनमंत्री ने स्वास्थ्य शिविर व एनआरसी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश में विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहे हैं। जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं किशोरी बालिकाएं ग्रामीण स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवाई दी जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और उनके परिवार को स्वास्थ्य में सुधार करना है। इसी तारतम्य के तहत बस्तर ब्लॉक के सिविल अस्पताल भानपुरी करंदोला में आयोजित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । 678 ग्रामीणों में 354 महिलाओ ने उपचार करवाया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप एवं



अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वन मंत्री ने कहा कि शरीर अच्छा रहने से मन अच्छा होता है,और मन अच्छा रहने से जीवन अच्छा रहेगा।खानपान में विशेष ध्यान देंगे तभी स्वस्थ रहोगे आपकी दिनचर्या में विशेष ध्यान देने होंगे। इस दौरान उन्होंने संस्थागत प्रसव एवं कुपोषण की स्थिति की जानकारी बीएमओ डॉ नारायण नाग से ली। उन्होंने कहा कि विष्णु देव साय सरकार लगातार प्रयासरत है, सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। महतारी वंदन योजना, लखपति दीदी जैसे कई योजनाओं से गांव की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। उन्होंने सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया।जहां क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं किशोरी बालिकाए सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपचार करवाने पहुंचे थे। शिविर में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सीएमएचओ डॉ.संजय बैसाक से अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में संज्ञान लिया। इसके पश्चात तीन दिव्यांगों को ट्राईस्किल एवं आयुष्मान कार्ड के हितग्राहियों को वितरण किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानपुरी करंदोला में 10 सीटर पोषण पुनर्वास केंद्र संचालित किया जा रहा है। जहां बस्तर ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कुपोषण के शिकार बच्चों को बेहतर उपचार किया जा रहा है। वन मंत्री केदार कश्यप ने पोषण पुनर्वास केंद्र पहुंचकर अस्पताल में भर्ती बच्चों को चॉकलेट वितरण कर उनकी माताओ से चर्चा किया और खान-पान की विशेष ध्यान देने को कहा बीएमओ से उन्होंने कुपोषित बच्चों की स्थिति सुविधा और पोषण आहार की गुणवत्ता की जानकारी ली। नर्स ने बताया कि कुल 10 बच्चे एवं माताएं पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती हैं। सभी बच्चों की चिकित्सकों के द्वारा विशेष निगरानी में चल रहा है और स्वास्थ्य में लगातार सुधार होने की जानकारी दी। अस्पताल परिसर में वन मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों ने फलदार पौधारोपण किया और सुरक्षा को लेकर निर्देश दिया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दिवान, प्रवीण सांखला, खितेस मौर्य, जनपद सदस्य रायधर दिवान, कौशल्या ठाकुर, भूषण गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, बीएमओ, डॉ. नारायण नाग, डॉ. अमित शर्मा, बीपीएम राजेंद्र बघेल, शोभा कांबले, जीली मंडावी, कन्हैया माहेश्वरी भुवनेश्वर नाइक, भरत नेताम, वेद कश्यप एवं अन्य सहयोगी स्टाफ मौजूद रहे।

## पं.दीनदयाल के विचार आज भी प्रासंगिक : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

भाजपा के स्थानीय मंडल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुराना मार्केट स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती ने किया। मुख्य आयोजन की जिम्मेदारी वरिष्ठ कार्यकर्ता नीलेश पाटले ने संभाली। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता जिले के पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती प्रभारी



एवं जिला उपाध्यक्ष डीपी मिश्रा ने उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और देश के विकास में मार्गदर्शक का काम करते हैं। जिला नेतृत्व की व्यापक उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिले के उपाध्यक्ष सुमित सरकार, जिला मंत्री कामो कुंजाम, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं पार्षद धनसिंह नाग, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम सहित पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधियों में नगरपालिका अध्यक्ष राजू जैसवाल, उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी, पार्षद सतीश शर्मा और पार्षद दीपक सरकार शामिल हुए।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**न्यायालय तहसीलदार भानपुरी**
**जिला बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक / 5 / तह. / जन्म-मृत्यु / 2025
भानपुरी दिनांक 30 /05 /2025

**// उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका फालगुनी राम सेठिया पिता सुकुलधर सेठिया जाति कलार निवास ग्राम देवड़ा तहसील भानपुरी के द्वारा अपने माता स्वर्गीय सुकरी बाई पति सुकुलधर की मृत्यु दिनांक 23/04/2009 को होना बताते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 08/10/2025 तक आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा सहित जारी किया ।

मुहर

तहसीलदार
भानपुरी

खबर संक्षेप

## एनएचएम कर्मी ने माईं जी को चुनरी किया अर्पित



जगदलपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बस्तर जिला अधिकारी, कर्मचारी के समस्त मांगे पूर्णता के अंतिम पड़ाव तक पहुंचने की मनोकामना की मनोकामना पूर्ण पदयात्रा तुमशवर गजभिए, वाल्मीकि मिश्रा तथा संदीप एनएचएम कर्मचारियों ने माईं दंतेश्वरी मंदिर जगदलपुर से दंतेश्वरी माई मंदिर दंतेवाड़ा 82 किमी की पदयात्रा की। पदयात्रा में पाव में दर्द और छालों की असहनीय पीड़ा के बावजूद दंतेश्वरी माई के शरणागत होकर माईं जी को चुनरी अर्पित किया गया। साथ ही दंतेवाड़ा में संघ की ओर से भंडारा का भी आयोजन किया गया।

## एसोसिएशन ने मनाया वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे



जगदलपुर। महारानी अस्पताल परिसर के शहीद गुंडाधुर सभागार में गुरूवार को विश्व फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला बस्तर के तत्वाधान में विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. महेश सांडिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बस्तर डॉ. संजय बसाक, विशिष्ट अतिथि के रूप में सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक महारानी अस्पताल डॉ. संजय प्रसाद और एनसीडी के नोडल अधिकारी डॉ. भंवर शर्मा के साथ डीपीएम डॉ. रीना लक्ष्मी शामिल रहे। बस्तर जिला फार्मासिस्ट एसोसिएशन के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत कर विश्व फार्मासिस्ट दिवस के बारे में उपस्थित सभी लोगों को बताया गया। फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था। जिसमें बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के अलावा फार्मेसी संघ के कई सदस्यों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर निकेश देवांगन, दुर्गा गुप्ता, नरेश दुल्हनी के साथ जगदलपुर शहर के शासकीय और अशासकीय सभी फार्मेसिस्ट उपस्थित रहे।

## बस्तर से कृष्णा ठाकुर को प्रदेश कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष का मिला दायित्व



जगदलपुर। छत्तीसगढ़ सैलून व्यवसाय संगठन का प्रांतीय बैठक 25 सितंबर को रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें सैलून व्यवसाय को नियमबद्ध कर पूरे प्रदेश में एक रेट उचित गुणवत्ता के समान उचित सेवा सहित अन्य व्यवस्था पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रदेश इकाई के पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें बस्तर जिला को महत्व देते हुए प्रदेश कोषाध्यक्ष के पद में जगदलपुर से कृष्णा ठाकुर को दायित्व दिया गया। इसके साथ ही प्रदेश सैलून व्यवसाय के अध्यक्ष रूपेश ठाकुर, सचिव अशोक सेन, उपाध्यक्ष कमल नारायण शांडिल्य, संरक्षक संजीव सेन सहित कोर कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम में बीजेपी प्रवक्ता गौरी शंकर श्रीवास, संरक्षक लक्ष्मी नारायण सेन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेन, प्रदेश अध्यक्ष पुनीत राम सेन, महासचिव रुद्र सेन, प्रदेश कोषाध्यक्ष किशन सेन एवं वरिष्ठ,युवा, महिला मंडल मौजूद रहे।

# बीमारियों से बचने पोषण आहार का करें सेवन : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

### पोटानार में हुए कार्यक्रम में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर द्वारा बस्तर जिले के तोकापाल ब्लॉक के ग्राम पोटानार में 25 सितंबर को पंचायत भवन में राष्ट्रीय पोषण माह एवं स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार विषय पर एक विशेष लोक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम में महिलाओं को जोड़ने के लिए तीन वर्गों में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता प्रथम द्वितीय एवं तृतीय को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में यूनानी चिकित्सक प्रकाश मूर्ति ने पोषण आहार के महत्व पर ग्रामीणों को जानकारी दी। इसी क्रम में परियोजना अधिकारी तोकापाल ज्योति मथरानी ने महिला एवं बाल विकास विभाग में चलाए जा रहे सेवाओं एवं योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सुपरवाइजर ममता कुर्रे ने भी पोषण आहार के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में दी गई जानकारी के आधार पर बी एस ध्रुव ने प्रश्न मंच का आयोजन किया जिसमें सही उत्तर देने वाले ग्रामीणों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीमारियों से बचने के लिए हमें पोषण आहार का सेवन करना चाहिए एवं शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ लेना चाहिए । विधायक विनायक गोयल ने पोषण माह, स्वस्थ नारी-स्वस्थ परिवार के बारे में जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई,अन्नप्राशन एवं पोषण आहार स्टॉल लगाया गया।



**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जनपद अध्यक्ष तोकापाल रामबती भंडारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, जिला पंचायत सदस्य पद्मिनी कश्यप, महिला एवं बाल विकास विभाग सभापति शांति नाग, ग्राम सरपंच संतोष मौर्य, उप सरपंच एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### पत्रवार्ता में कांग्रेस पार्षदों के बहिष्कार को उचित बताया

# विशेष सम्मेलन में मुद्दे गायब प्रधानमंत्री का यशोगान : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नगर निगम में विशेष सभा मे जनहित के मुद्दों शहर विकास और जनता की समस्याओं का निराकरण गायब थे जबकि जिस जीएसटी स्लैब में बढ़ोतरी से आमजनों को लूटा गया उस जीएसटी के पक्ष में सदन में सर्व सहमति लाने महापौर संजय पांडे प्रधानमंत्री का गुणगान के लिए सम्मिलन रखा जिसका कांग्रेस पार्षदों ने विरोध कर सभा का बहिष्कार किया। शहर अध्यक्ष सुशील मोर्य और निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने राजीव भवन में शुक्रवार को प्रेसवार्ता में यह बातें कही।

■ महापौर को जनता और जनहित के मुद्दों से कोई मतलब नहीं

उन्होंने कहा पिछले सामान्य सभा में कांग्रेस पार्षदो ने जनहित के मुद्दों को उठाया था और आज प्रधानमंत्री के यशोगान के लिए सारे सदस्यों के बोले हुए बातों को मिनिट्स में लिया जा रहा है। महापौर को जनता और जनहित के मुद्दों से कोई मतलब नहीं है। महापौर को सिर्फ फोटो खींचाने और अपनी राजनीति चमकाने से मतलब है। यदि शहर की जनता से किसी भी प्रकार का कोई सरोकार होता तो आज सामान्य सभा में जनहित के मुद्दों पर चर्चा होती और हमें गर्व है कि कांग्रेस पार्षद दल इस झूठी प्रशंसा वाली सभा में अपनी उपस्थिति नहीं दी। प्रेसवार्ता में वरिष्ठ कांग्रेसी सतपाल शर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, प्रभारी महामंत्री-पार्षद जाहिद हुसैन, जावेद खान, गौरनाथ नाग, विक्रम सिंह डांगी, निकेत झा, पार्षद सुशीला बघेल, अफरोज बेगम, राकेश मौर, सूर्यपानी, शुभम यादव, गौतम पाणिग्रही, लोकेश चौधरी, जयानाग, मनप्रीत कौर डांगी, संध्या मोहंती, ज्योस्टीन भवानी, अनुराग महतो मौजूद रहे।

### जनहित के मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं

नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था की अंतर्गत मल्टी स्टोरी पार्किंग को लेकर दलपत सागर में स्वीकृत राशि को लेकर और अन्य विषयों को लेकर सामान्य सभा की प्रक्रिया होती है,परंतु महापौर अपने आकाओं को खुश करने के लिए सामान्य सभा का सिर्फ दुरुपयोग कर रहे हैं।

### लोगों को बरगलाकर रथारूढ़ होने का प्रयास अनुचित

सुशील मोर्य ने कहा विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व में 50 साल पहले तक बस्तर के सर्वमान्य महाराजा प्रवीर चन्द्र भंजदेव ही 1966 तक बस्तर संभाग के समस्त परगना के मांझी, मुखिया, पटेल, मेम्बर, मेम्बरीन और समूचे समाज के आग्रह पर रथारूढ़ होते थे। यह परंपरा राजतंत्र खत्म होकर लोकतन्त्र आने के बाद दशहरा पर्व में राज परिवार सदस्य को रथारूढ़ की परमरा 50 साल से बंद हो चुका है। मोर्य ने कहा वर्तमान राज परिवार के सदस्य लोगो को बरगलाकर रथारूढ़ होना चाहते है,जो अनुचित है।



## देवी मंदिर में पूजा कर लोगों की मांग विधायक ने सुनी

जगदलपुर। लोकमान्य तिलक वार्ड में कोटगुड़ीन माता मंदिर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने पूजा अर्चना कर लोगों से मिले। मौजूद जनता ने अपने क्षेत्र व मंदिर के संबंध में मांग रखी। जिस पर विधायक ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

## क्वार्टर फाइनल में खेले गए 4 मैच

जगदलपुर। स्व. धीरज डेविड स्मृति 7 ए साइड फुटवॉल प्रतियोगिता में शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में चार मैच खेला गया। पहला मैच आड़ावाल फुटबॉल क्लब विरुद्ध बस्तर फुटबॉल क्लब के विरुद्ध खेला गया, जिसमें आड़ावाल क्लब ने यह मैच 2-1 से जीत लिया। दूसरा मैच मदर टेरेसा फुटबॉल क्लब विरुद्ध यंग स्टार (अ) फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया, जिसमें यंग स्टार फुटबॉल क्लब ने ट्राई बेकर के द्वारा 3-1 से यह मैच जीता। तीसरा मैच यंग स्टार (ब) फुटबॉल क्लब विरुद्ध फुटबॉल एकेडमी क्लब के मध्य खेला गया, जिसमें फुटबॉल एकेडमी क्लब ने 3-1 से यह मैच जीत लिया। चौथा मैच जंगबाज फुटबॉल क्लब विरुद्ध लालबाग (ब) फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया, जिसमें भी ड्राइव बेकार द्वारा फैसला हुआ, जिसमें जंगबाज फुटबॉल क्लब ने 4-2 से मैच जीत लिया। शनिवार की दोपहर सेमी फाइनल में 2 मैच 2 बजे से खेले जाएंगे। फुटबॉल एकेडमी क्लब विरुद्ध आड़ावाल फुटबॉल क्लब दूसरा मैच यंग स्टार फुटबॉल क्लब विरुद्ध जंगबाज फुटबॉल क्लब के मध्य खेला जाएगा। मैच के मुख्य निर्णायक आशीष खरे थे और रेफरी राहुल, अनीश और आशीष खरे ने किया। इस दौरान विनीत डेविड, श्री सूर्य कुमार हारून, दन्तेश्वर राव, राजकमल हारून, जितेंद्र फाउलर सिंह, प्रीतीश जेकब, विजयसील सुता, राज किशोर हारून, कातो पानी, मनोज ठाकुर, विनय शर्मा, जगतार सिंह, सूर्या पानी और याकूब जान भी उपस्थित थे। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अनिमेष दास एवं जान नाथ द्वारा दी गई।

## मां दुर्गा की प्रतिमा भव्य और शाही अंदाज में स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति पॉवर हाऊस चौक में मां दुर्गा की प्रतिमा को भव्य और शाही अंदाज में स्थापित किया जाता है, जैसे राजमाता की तरह, जिससे भक्तजन आकर्षित हो रहे हैं और उन्हें एक अनोखा अनुभव मिलता है। यह भव्यता प्रतिमाओं के आकार, सजावट और पंडाल के डिजाइन के माध्यम से हासिल की गई है। पंडाल को किसी भव्य महल या प्रसिद्ध मंदिर की प्रतिकृति के रूप में बनाया जाता है, जैसे मंदिर की शैली में, जिससे एक दिव्य आभा उत्पन्न होती है। पंडालों में विशेष लेजर शो और लाइटिंग का उपयोग करके एक अलौकिक वातावरण बनाया जाता है, जो भक्तों के अनुभव को और बढ़ाता है। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष कौशल सिंह ठाकुर ने बताया कि मां दुर्गा को राजमाता की तरह स्थापित किया गया है। समिति ने इस बार 45 वें वर्ष में दुर्गोत्सव किया जा रहा है, जिसमें शहर के साथ-साथ भानपुरी, कोंडागांव आदि स्थानों के भजन मंडली भजन कीर्तन कर रहे हैं।

■ भक्तजन आकर्षित हो रहे हैं और मिल रहा एक अनोखा अनुभव



### दुर्गोत्सव पर होगा गरबा

समिति ने बताया कि इस बार दुर्गोत्सव पर गरबा किया जाएगा, जिसमें प्रवेश फ्री रहेगा, पर बारिश के चलते तिथि तय नहीं हो सका है। पंचमी में महाभंडारा किया जाएगा।

## बिजली, रसोई गैस और किराया में बढ़ोतरी से आम आदमी परेशान



जगदलपुर। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता समीर खान ने जारी बयान में कहा कि जीएसटी के नाम पर आम जनता को सिर्फ और सिर्फ लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी द्वारा जीएसटी उत्सव मनाना जनता की भावनाओं के साथ मजाक है, खासकर तब जब छत्तीसगढ़ जैसे राज्य, जो देश को बिजली उपलब्ध कराता है,वहीं के नागरिक 1500 से 3000 रुपए महीने के बिजली बिल भरने को मजबूर हैं। पार्टी के प्रदेश सह संगठन मंत्री समीर खान ने मांग की कि यदि भाजपा को जनता की इतनी चिंता है,तो बिजली के बढ़े हुए बिलों पर तुरंत रोक लगे।सिलेंडर के दाम घटाए जाएं। छोटे व्यापारियों और उद्योगों को जीएसटी से राहत दी जाए। जगदलपुर से रायपुर तक चलने वाली बसों के किराए पर नियंत्रण किया जाए। जीएसटी का लाभ सिर्फ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को नहीं,आम जनता को भी दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार जनता की नहीं,पूंजीपतियों की हितैषी बन चुकी है। जनता भाजपा के साथ खड़ी रही, लेकिन आज उसे सिर्फ महंगाई,टैक्स और दिखावे के नाम पर ठगा गया है।

# नैमेड़ बाजार, बस स्टैंड तथा आस-पास के सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

222 वीं बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने नैमेड क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान तथा राष्ट्रव्यापी श्रमदान एक दिन एक घंटा एक साथ कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था।

■ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

अभियान के दौरान बटालियन के अधिकारी एवं जवानों ने नेमेड बाजार, बस स्टैंड तथा आस-पास के सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। इस अवसर पर बल के अधिकारियों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। स्थानीय निवासियों ने भी उत्साहपूर्वक इस अभियान में भाग लिया और सीआरपीएफ के प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर बल ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घर, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। 222वीं बटालियन, सीआरपीएफ निरंतर ऐसे सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास के लिए कार्य करती रहेगी।



## स्वच्छता ही सेवा अभियान एक दिन, एक घंटा, एक साथ का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक, जगदलपुर में आज स्वच्छता ही सेवा अभियान एक दिन, एक घंटा, एक साथ का आयोजन 25 सितंबर को किया गया। इस अवसर पर एनएसएस की स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान कर परिसर की स्वच्छता में भागीदारी निभाई।

■ धरमू माहरा पॉलिटेक्निक में की गई साफ सफाई

स्वयंसेविकाओं ने झाड़ू लगाकर, कचरा हटाकर तथा परिसर को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाने में अपना योगदान दिया। यह अभियान प्राचार्य एस.के. त्रिवेदी के मार्गदर्शन एवं एनएसएस विंग के संचालन में संपन्न हुआ।



अंत में सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे न केवल परिसर, बल्कि अपने घर-परिवार और समाज में भी स्वच्छता को आदत बनाएंगे तथा स्वच्छ और स्वस्थ भारत के निर्माण में सहयोग देंगे।



Ajay Advt.




## दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में मनाई गई पंडित जी की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में उनकी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम पंडित जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई । वहीं एक पेड़ मां के नाम पर पौधे लगाए गए व मिठाइयां बांटी गई।

इस अवसर पर पार्षद सुरेश गुप्ता ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय की सोच के अनुरूप सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का हम सभी संकल्प लेते हैं। संचालन सूर्य भूषण सिंह ने किया।

इस अवसर पर संजय चंद्राकर, मनीष निषाद, शेखर साव, पुष्प लता, राजकिशोर, वनिता यादव, नीलिमा निषाद, मनीष सकलेचा सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

